>

Title : Need to run daily superfast train between Delhi & Manmad/Kopargaon in Maharashtra and provide better civic amenities at Shirdi for pilgrims.

श्री भाउसाहेब राजाराम वाकचौरे (शिरडी): महाराष्ट्र राज्य के अहमदनगर जिले में शिरडी में स्थित विश्व प्रसिद्ध सांई बाबा धाम में देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शनार्थ आते हैं, किंतु वहां पर श्रद्धालुओं के लिए समुचित नागरिक सुविधाओं का भारी अभाव है। केन्द्र सरकार ने जिस प्रकार से महाराष्ट्र राज्य के नांदेड़ शहर में स्थित धार्मिक स्थल के पर्यटन के विकास हेतु धन आबंटित किया गया है, उसी तरह से विश्व प्रसिद्ध धार्मिक सल शिरडी के लिए भी विश्व स्तर के पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित किए जाने और सांई बाबा धाम शिरडी में आने वाले श्रद्धालुओं की बढ़ती हुई संख्या को देखते हुए राजधानी दिल्ली से मनमाड/कोपरगांव तक विशेष सुपरफास्ट रेलगाड़ी प्रतिदिन चलाये जाने के साथ साथ वहां से गुजरने वाली सभी रेलगाड़ियों की सभी श्रेणियों में आरक्षण का कोटा बढ़ाये जाने और कोपरगांव में सभी रेलगाड़ियों का कम से कम 5 मिनट का स्टॉपेज दिए जाने की आवश्यकता है।

मेरा सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि विश्व प्रसिद्ध शिरडी धाम को विश्व स्तरीय पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित किए जाने और वहां आने वाले श्रद्धालुओं को समुचित नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने के साथ साथ मनमाड/कोपरगांव तक विशेष सुपरफास्ट रेलगाड़ी प्रतिदिन चलाये जाने एवं वहां से गुजरने वाली समस्त रेलगाड़ियों में आरक्षण का कोटा बढ़ाये जाने हेतु कारगर कदम उठाये।